## खबर संक्षेप

### सिविल डिफेंस वालेंटियर का सात दिवसीय आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण आयोजित

**छिंदवाड़ा।** आपदाओं के समय क्या करे ओर क्या ना करे की जानकारी देने के लिए सिविल डिफेंस वालेंटियर का सात दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय होमगार्ड परिसर मे जिला होमगार्ड कमानडेंट स्नेहलता पाठ्या , सब डिविजन वार्डन श्यामल राव एवं पी सी गणेश धुर्वे की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर स्नेहलता पाठ्या ने कहा की जिले मे विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं एवं मानव आधारित आपदाओ से निपटने के लिए एस डी ई आर एफ के साथ जिले के सिविल डिफेंस वालेंटियर्स जिन्हें सात दिवसीय प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया है वे आपदा के समय समाज मे आवश्यकता पढ़ने पर अपनी सेवाएं आपदा के समय देकर जानमाल के नुकसान को कम करने सहयोग प्रदान करेंगे। उदबोधन उपरांत वालेंटियर्स को उपस्थित होमगार्ड कामाडेंट के हस्ते प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । प्रशिक्षण. को सफल बनाने मे मेजर सिगोतिया, एस डी ई आर एफ के सैनिक सुमित शर्मा, दीपेंद्र वरकड़े, सचिन विशकर्मा अंकित पांडे ,राजा मर्सकोले, प्रवीण धुर्वे, स्पर्श यादव का सराहनीय सहयोग रहा।

### बेलगांव स्थित श्री दाआजी महाराज स्मृति मंदिर में भक्तिमय माहौल

**सौंसर।** शहर से सटे ग्राम बेलगांव स्थित श्री दाआजी महाराज स्मृति मंदिर में शुक्रवार को 27वें प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ का उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों ने समूचे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में सराबोर कर दिया।उत्सव की शुरुआत शहर के श्री विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर से भव्य पालखी यात्रा के साथ हुई। इस यात्रा में श्री दाआजी महाराज के पावन चरणों का रथ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। रथ के आगे स्थानीय भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों, अभंगों और नाम संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण के बाद यह पालखी यात्रा बेलगांव स्थित श्री दाआजी महाराज स्मृति मंदिर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का विशेष पूजन और अभिषेक संपन्न हुआ।इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए प्रख्यात कीर्तनकार ह.भ.प. एकनाथ महाराज गौलकर ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जब-जब संसार में अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब-तब परमात्मा विभिन्न स्वरूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं।

# वादा भूल गई निर्माण एजेंसी !

## अंबेडकर प्रतिमा का सौंदर्यीकरण अधूरा

## जनप्रतिनिधियों की घोषणाएं भी साबित हुईं खोखली

### ओवरब्रिज बन गया, लेकिन संविधान निर्माता की प्रतिमा आज भी उपेक्षा का शिकार, बारिश में कीचड़ के बीच खड़े हैं बाबा साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव, संजय जैन

**संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में बड़े-बड़े भाषण देने वालों की हकीकत जुन्नारदेव में साफ दिखाई दे रही है। करोड़ों रुपये की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण तो पूरा हो गया, लेकिन जिस प्रतिमा के सौंदर्यीकरण और सम्मानजनक पुनर्स्थापना का वादा प्रशासन, निर्माण एजेंसी और जनप्रतिनिधियों ने सार्वजनिक रूप से किया था, वह आज तक केवल कागजों और आश्वासनों में ही कैद है। प्रतिमा तो वापस स्थापित कर दी गई, लेकिन उसके आसपास का क्षेत्र बदहाल है। रेलिंग नहीं, सौंदर्यीकरण नहीं, समुचित प्लेटफॉर्म नहीं और बरसात में चारों ओर कीचड़ व जलभराव यही वर्तमान स्थिति है।**

जब ओवरब्रिज निर्माण शुरू हुआ था, तब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को अस्थायी रूप से हटाया गया था। उस समय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और बाबा साहेब के अनुयायियों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया था। इसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद प्रतिमा को उसी स्थान पर पूरे सम्मान के साथ पुनः स्थापित किया जाएगा तथा स्थल का आकर्षक सौंदर्यीकरण, रेलिंग, समुचित परिसर और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। लेकिन निर्माण पूरा होने के बाद वादों की पूरी किताब बंद कर दी गई और प्रतिमा को केवल औपचारिक रूप से स्थापित कर जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी से हाथ झाड़ लिए।

आज स्थिति यह है कि जिस महापुरुष ने देश को संविधान दिया, उनकी प्रतिमा के सामने बरसात के दिनों में कीचड़ और गंदगी फैली हुई है। श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों को भी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि बाबा साहेब के सम्मान के साथ भी गंभीर उपेक्षा है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने भी इस गंभीर मुद्दे को स्वीकार करते हुए संबंधित विभाग को पत्र लिखकर मांग की है कि जामई-तामिया परियोजना के अंतर्गत कार्य करने वाली निर्माण एजेंसी को तत्काल निर्देशित किया जाए कि वह अधूरे पड़े सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण, रेलिंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी थीं, जिन्हें आज तक पूरा नहीं किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष ने यह भी बताया कि क्षेत्रीय विधायक सुनील उइके ने भी प्रतिमा के समक्ष व्यवस्थित सौंदर्यीकरण कराने का सार्वजनिक वादा किया था। लेकिन समय बीतने के बाद भी उस दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही। लोगों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधियों के वादे केवल मंचों तक ही सीमित रह जाएं तो जनता आखिर किस पर भरोसा करे?बौद्ध महासभा के पदाधिकारी राजेश पाटील ने कहा कि जब प्रतिमा हटाई गई थी तब बाकायदा पंचनामा तैयार हुआ था। उसमें स्पष्ट उल्लेख था कि पुनर्स्थापना के बाद स्थल को पहले से अधिक व्यवस्थित और सुंदर बनाया जाएगा। लेकिन आज तक उस पंचनामे का पालन नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सौंदर्यीकरण नहीं कराया गया तो बौद्ध महासभा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

नगर पालिका परिषद के सभापति संजय जैन ने भी प्रशासन और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एमपीआरडीसी और निर्माण एजेंसी के बीच प्रतिमा स्थल के पूर्ण विकास का निर्णय हुआ था, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

### आश्वासन केवल रह गए औपचारिकता

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निर्माण एजेंसी ने लिखित और सार्वजनिक रूप से वादा किया था तो आखिर उसका पालन क्यों नहीं हुआ? यदि किसी सामान्य नागरिक द्वारा प्रशासन को दिया गया आश्वासन पूरा नहीं होता तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो जाती है, लेकिन करोड़ों रुपये के सरकारी प्रोजेक्ट में वादा करने वाली एजेंसी पर अब तक कोई जवाबदेही तय नहीं की गई। इससे यह सवाल भी खड़ा होता है कि क्या सरकारी परियोजनाओं में दिए जाने वाले आश्वासन केवल औपचारिकता भर रह गए हैं? स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और निर्माण एजेंसी की यह लापरवाही केवल तकनीकी कमी नहीं बल्कि संवेदनहीनता का उदाहरण है। जिस महापुरुष के विचारों पर लोकतंत्र और संविधान की नींव टिकी है, उनकी प्रतिमा के आसपास सम्मानजनक व्यवस्था तक नहीं की जा सकी। यह स्थिति प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर भी सवाल खड़े करती है।




### श्रद्धालुओं और राहगीरों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

बरसात शुरू होते ही प्रतिमा परिसर की बदहाली और स्पष्ट दिखाई देने लगी है। चारों ओर कीचड़, जलभराव और अव्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सौंदर्यीकरण नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह स्थान पूरी तरह बदहाल हो जाएगा।नगरवासियों का कहना है कि केवल प्रतिमा स्थापित कर देना पर्याप्त नहीं है। जिस सम्मान के साथ बाबा साहेब का नाम लिया जाता है, उसी सम्मान के अनुरूप प्रतिमा स्थल भी विकसित होना चाहिए। यदि करोड़ों रुपये की परियोजना में सौंदर्यीकरण जैसे अपेक्षाकृत छोटे कार्य भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं तो यह परियोजना की निगरानी और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। अब पूरा शहर जिला प्रशासन, एमपीआरडीसी, निर्माण एजेंसी और जनप्रतिनिधियों की ओर देख रहा है। लोगों की मांग है कि प्रतिमा स्थल का तत्काल सौंदर्यीकरण, रेलिंग, पक्का प्लेटफॉर्म, प्रकाश व्यवस्था और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर उस वादे को पूरा किया जाए जो निर्माण कार्य शुरू होने के समय किया गया था।यदि इसके बाद भी जिम्मेदारों की चुप्पी नहीं टूटी तो यह केवल एक अधूरा निर्माण कार्य नहीं बल्कि संविधान निर्माता के सम्मान के प्रति प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक माना जाएगा। अब सवाल केवल सौंदर्यीकरण का नहीं, बल्कि उस भरोसे का है जो जनता ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर किया था। यह भरोसा कब तक अधूरे वादों के नीचे दबा रहेगा, इसका जवाब अब जिम्मेदारों को देना होगा।

## पुलिस ने पेट्रोल पंपों पर चला साइबर जागरूकता अभियान

**दमुआ।** दमुआ। साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना दमुआ पुलिस द्वारा नायरा पेट्रोल पंप एवं मंगलम फ्यूल्स दमुआ में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पेट्रोल पंपों पर पहुंचे ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी और बैंकिंग फ्रॉड सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यशाला में पुलिसकर्मियों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो वह बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (**NCRP**) पर शिकायत दर्ज कराएं तथा 1930 हेल्पलाइन पर तत्काल संपर्क करें, जिससे समय रहते धोखाधड़ी की राशि को रोका जा सके।इस दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा संबंधी संदेशों वाले पंपलेट भी वितरित किए गए और सोशल मीडिया व डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। अभियान में लगभग 60 से 70 लोगों ने भाग लिया।यह जागरूकता कार्यक्रम प्र.आर. 284 रविशंकर उइके एवं सैनिक 63 असफाक द्वारा आयोजित किया गया। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की।




## सर्पदंश से मजदूर की मौत, दमुआ पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

थाना क्षेत्र के ग्राम सेदालगुदी में जहरीले सर्प के काटने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम से दा ल गु दी निवासी भजनू पिता जुगरु कायदा (47) ने थाना दमुआ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई रज्जू कायदा (50) अपने परिवार के साथ गांव में रहकर मजदूरी करता था। 2 जुलाई की रात करीब 2 बजे रज्जू ने अचानक शोर मचाया कि उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया है।

आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके दाहिने हाथ की अंगुली पर सर्पदंश के निशान थे। परिजनों ने सांप को वहां से भगा दिया और ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए।परिजन रज्जू को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर दमुआ पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 41/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक दिलीप यादव द्वारा की जा रही है।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यार्थियों को जानने को मिलेगी प्रदेश की समृद्धशाली विरासत

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की असीम संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'पर्यटन क्विज-2026' का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय इस क्विज में भाग लेने के लिए विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन 01 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक शाम 5:30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। विद्यार्थियों में पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति को विकसित करने, मध्यप्रदेश पर्यटन की संभावनाओं से जुड़े ज्ञान का संचार करने के उद्देश्स से आयोजित हो रहे इस क्विज में प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई. एवं केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सहभागिता कर सकते हैं।

## स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने किया माल्यार्पण



**छिन्दवाड़ा।** जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थान प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में भारत सरकार के जनजातीय मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के साथ पहुंचकर परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के अक्षय स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर चरित्र निर्माण, राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्री शेषराव यादव, श्री आदित्य बबला शुक्ला, नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री भारत घई, श्री विजय पांडे, श्री कमलेश उइके, श्री सौरभ ठाकुर, श्री राकेश पहाड़े, श्री अरुण गद्रे, श्री तरुण सोनी, श्रीमती श्रद्धा जैन, श्रीमती अमिता आशीष बरहैया तथा जनभागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीचंद, श्री प्रशांत भावरकर, समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## चोरी के आरोपी गिरफ्तार, मारपीट करने वालों पर भी पुलिस की कार्रवाई

### चौरई पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

थाना चौरई पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी के साथ मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ भी अलग से प्रकरण दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।पुलिस के अनुसार 3 जुलाई 2026 को ग्राम बाइछाबाड़ा निवासी किसान वर्मा (32) ने थाना चौरई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 जुलाई को उसने चांदवाड़ा रोड स्थित अपनी खाद-बीज की दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन दुकान खोलने पर वहां से करीब 1 लाख 24 हजार रुपये नकद चोरी होना पाया गया।जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि दुकान में काम करने वाले कर्मचारी बंटी वर्मा पर संदेह है। पूछताछ में बंटी वर्मा ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 685/26 के तहत धारा 331(1) एवं 305 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।मारपीट करने वालों पर भी केस दर्जपुलिस जांच में यह भी सामने आया कि चोरी की जानकारी मिलने के बाद फरियादी किसान वर्मा, तेजराम वर्मा तथा अन्य ने आरोपी बंटी वर्मा के साथ मारपीट की थी। इस संबंध में पुलिस ने अपराध क्रमांक 686/26 दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) एवं 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम किया है।इसके साथ ही मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।पुलिस का कहना है कि सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की गई है तथा मामले की आगे जांच जारी है।

## कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने ली पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

## कलेक्टर ने जताई नाराजगी, लक्ष्य पूरे नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने एनएडीसीपी अंतर्गत एफएमडी सप्तम चरण, हिरण्य गर्भा अभियान के तहत गौशालाओं एवं जिले में किए गए कृत्रिम गर्भाधान, सेक्स्ड सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान, अवर्णित नस्ल के पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, क्षीरधारा ग्राम में किए गए सर्वे, आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की विकासखंडवार समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान हिरण्य गर्भा अभियान अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान एवं गर्भ परीक्षण, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड में अत्यंत कम उपलब्धि पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने जिन गौ-सेवक मैत्रियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है, उनका पंजीयन निरस्त कर उनके स्थान पर नए गौ-सेवक मैत्रियों को प्रशिक्षित कर नियुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को मुख्यालय पर निवास करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार, सभी जिला नोडल अधिकारी, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित थे।

## अपार जनसमर्थन के बीच सांसद साहू कर रहे 375 किमी की धार्मिक पदयात्रा

**छिन्दवाड़ा।** अपने दृढ़संकल्प,सैंकड़ों पदयात्रियों के बुलंद हौसलों और मार्ग में आमजनों व जनप्रतिनिधियों से मिल रहे अपार सर्मथन के बीच सांसद बंटी विवेक साहू अपनी छिंदवाड़ा से मैहर तक की 14 दिवसीय 375 किमी की धार्मिक पदयात्रा पर निकल पड़े है। सांसद श्री साहू ने उक्त धार्मिक पदयात्रा का शनिवार को चौथा दिन पूरा करते हुए 114 किमी की धार्मिक पदयात्रा पूरी कर ली है। सांसद रविवार को सुबह सिवनी जिले के गणेशगंज से अपनी पांचवे दिन की पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। सांसद श्री साहू और सैंकड़ों पदयात्री रविवार को 31 किमी पदयात्रा पूरी करते हुए सिवनी जिले के धूमा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सहित छिन्दवाड़ा व पांढुर्णा के आमजनों की सुख, समृद्धि, वैभव और खुशहाली एवं अच्छी बारिश के लिए धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू अपने दृढ़ संकल्प के साथ में छिंदवाड़ा से लेकर मैहर तक की 14 दिवसीय 375 की धार्मिक पदयात्रा पर निकल पड़े है। सांसद बंटी विवेक साहू इसके पूर्व में भी प्रदेश सहित छिन्दवाड़ा व पांढुर्णा के आमजनों की सुख, समृद्धि, वैभव और खुशहाली एवं अच्छी बारिश के लिए चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली, महोदव मंदिर, रामेश्वरम धाम सिहोरामाल एवं खंडवा तक की कुल 528 किमी की चार धार्मिक पदयात्राएं कर चुके है। सांसद श्री साहू का छपारा में भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान सांसद ने छपारा में बेनगंगा नदी सहित मार्ग में अन्य नदियों एवं मंदिरों में पूजा अर्चना भी की।



न्यायालय नायब तहसीलदार (सांवरी) मोहखेड़
तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
क्र./ /तह0/मोहखेड़/2026 दिनांक

इश्तेहार-उद्घोषणा

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक रामप्रसाद पिता सुकरन जाति अहीर निवासी बिंदरई तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा पर मौजा ग्राम-तिवड़ाकामथ में स्थित भूमि पर ला औलाद मृत होने के कारण कृषि भूमि 384/2(s) 0.7290 हे. से नाम विलोपित किये जाने हेतु संबंधित में मय दस्तावेजों के सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत न्यायालय में पेश किया गया है।

भूमि का विवरण

अतः उक्त कृषि भूमि से नाम विलोपित किये जाने संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्थान जो कि संबंधित व्यक्ति से संबंध रखते हो तथा मृतक- रामनाथ पिता सुकरन का ला औलाद मृत होने से एवं नाम हटाये जाने संबंध में किसी प्रकार दावा आपत्ति पेश करना चाहते हो वह सुनवाई दिनांक 10 जुलाई 2026 को समय 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित रूप से आपत्ति पेश करें। नियत सुनवाई तिथि पर किसी प्रकार दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने कि स्थिति में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही होने पर प्रस्तुत दावा एवं आपत्ति पर विचारण नहीं किया जावेगा। वास्ते आज दिनांक को इस न्यायालय में मेरे हस्ताक्षर के अधीन जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार मोहखेड़

# नगरवासियों की समस्याओं का नहीं हो रहा है समाधान

## नगर की समस्याओं पर नपा के पार्षदों की चुप्पी, हादसों को न्योता दे रही पार्क वाली सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सौसर में भाजपा की नगर पालिका परिषद को लगभग साढे तीन सालों से अधिक का समय गुजरता जा रहा है। परंतु नगर पालिका चुनाव के दौरान घोषणा पत्र के अनुसार जनता के साथ में किए हुए वादे पूरे होते नजर नहीं आ रहे है। उल्टे नगर वासियों को गंदगी,नगर के विभिन्न वार्डों एवं नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग के सड़कों के गड्ढो, अतिक्रमण अव्यवस्थित,पार्किंग, नगर की शान समझे जाने वाले स्वर्गीय रेवनाथ चोरे यात्री प्रतीक्षालय में गंदगी, यात्री प्रतीक्षालय और बस स्टैंड के चारों ओर अतिक्रमणकारियो कब्जा,आदि समस्याओ से हर दिन हजारो लोगो परेशान होना पड़ रहा है।नगर वासियों का कहना है की शिकायत करने के बावजूद भी नगर पालिका परिषद में कोई समस्या का समाधान करने वाला कोई जनप्रतिनिधी नजर नही आता है। इन दिनों नगर के हृदयस्थल स्थित स्वर्गीय रेवनाथ चौरे पार्क से लेकर विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) तक जाने वाली मुख्य सड़क, जो एसडीएम कार्यालय ओर नागपुर की ओर जाती है, पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे केवल आवागमन में बाधा नहीं बन रहे, बल्कि किसी बड़ी अनहोनी को भी न्योता दे रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसी जर्जर मार्ग से क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी, वीआईपी और जनप्रतिनिधि रोजाना गुजरते हैं। बावजूद इसके, लोक निर्माण विभाग एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन की नींद नहीं टूट रही है। इस मार्ग से हर दिन भारी बसें, स्कूली बच्चे और सैकड़ों आम नागरिक गुजरते हैं। गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है; गड्ढों में भरा पानी गहराई छिपा लेता है, जिससे राहगीरों के लिए यह मार्ग किसी 'डेथ ट्रैप' से कम नहीं है।

### टैक्स देने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव




नगरवासियों का कहना है कि सरकार ओर नपा को समय पर लाखो रुपये टैक्स देने के बाद भी उन्हें बुनियादी सुविधाएं नसीब नहीं हो रही हैं। सड़कों की यह दुर्दशा नागरिकों के लिए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना जैसी है।नगर के हृदय स्थल स्व रेवंनाथ चोरे यात्री प्रतीक्षालय मैं गंदगी का अंबार लगा हुआ है,यात्रियों को मुंह पर कपड़ा बांधकर खड़े रहना पड़ता है। यात्री प्रतीक्षालय के पीछेबड़े पैमाने पर अतिक्रमण कारियो ने कब्जा कर रखा है। सावनेर की ओर जाने वाली अवैध रूप से खड़ी टैक्सीया बच्चो महिलाओ यात्रियों को आवागमन में बाधा उत्पन्न करते हैं। प्रवेश द्वार पर बसों ओर यात्रियों का गदगी कीचड़ ओर गड्डो से स्वागत किया जाता है।फल फ्रूट होटल,पान ठेले,चाय दुकान के अलावा बस स्टैंड पर संचालित होने वाली दुकानदारों ने अपनी सीमा से कई गुना अधिक दुकान आगे बढ़ा ली है। जिसके चलते इस मार्ग से आवागमन करने वाले यात्रियों स्कूली छात्र-छात्राओं, वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। नागरिकों के द्वारा नपा प्रशासन से यात्री प्रतीक्षालय, अतिक्रमण, गंदगी से निजात दिलाने की मांग की जा रही है।

### इनका कहना है

मौसम पालेवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौसर,स्वर्गीय रेवनाथ चोरे यात्री प्रतीक्षालय की नियमित सफाई होती है, बस स्टैंड पर सफाई कर्मचारी की तैनाती भी की गई। बस स्टैंड एवं यात्री प्रतीक्षालय के आजु -बाजू फैले हुए अतिक्रमण एवं गंदगी को लेकर सफाई अभियान चलाकर समस्या का समाधान किया जाएगा।

# भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला पांढुर्णा द्वारा आगामी 6 जुलाई (सोमवार) को भाजपा कार्यालय, सौसर में एक विशाल 'जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन भारतीय जनसंघ के दूरदर्शी संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस (23 जून) से लेकर उनकी जयंती (6 जुलाई) तक मनाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'स्मृति पर्व' के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहा है।भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस सम्मेलन के राजनैतिक और वैचारिक महत्व को रेखांकित किया। श्री मोहोड ने कहा कि ₹डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संपूर्ण जीवन मां भारती की अखंडता के लिए समर्पित था। 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का जो संकल्प उन्होंने कश्मीर की धरती पर अपने प्राणों की आहुति देकर बोया था, उसे अब जन-जन तक पहुंचना है।कार्यक्रम की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक बैठक नहीं है, बल्कि यह जिला पांढुर्णा में भाजपा के भविष्य का रोडमैप तैयार करेगा। सम्मेलन में मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर रणनीति बनाई जाएगी,आगामी समय में हर बूथ को 'डिजिटल और अभेद्य' बनाने की रणनीति पर मुहर लगेगी। आगामी चुनावों और सांगठनिक विस्तार को लेकर जिले की नई रणनीति की घोषणा की जाएगी, केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, पार्टी की नींव रखने वाले वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त कर नए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने आगे कहा कि भाजपा कोई साधारण राजनैतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है और इसे गति देने वाली असली ऊर्जा हमारे देवतुल्य कार्यकर्ता हैं। सौसर का यह सम्मेलन आगामी लक्ष्यों के लिए नई ऊर्जा, नई रणनीति और नए संकल्पों के संचार का महाकेंद्र बनेगा।



# दातला का रेलवे अंडरपास बना 'जोखिम का रास्ता'

## अंधेरा और लापरवाही से हर दिन खतरे में जान, बरसात में लबालब पानी, रात में घना अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



ग्राम पंचायत दातला स्थित रेलवे अंडरपास आज जनसुविधा का माध्यम कम और जनजीवन के लिए खतरा अधिक बनता जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित इस अंडरपास में शुरुआत से ही जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई, जिसका खामियाजा क्षेत्र के हजारों ग्रामीण हर वर्ष बरसात के मौसम में भुगत रहे हैं।

बारिश होते ही अंडरपास तालाब में तब्दील हो जाता है, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की जान हर दिन जोखिम में रहती है। चिंता की बात यह भी है कि निर्माण के बाद से आज तक रेलवे विभाग द्वारा यहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं की गई। रात के समय पूरा अंडरपास घने अंधेरे में डूबा रहता है। सुनसान क्षेत्र होने के कारण दुर्घटनाओं के साथ-साथ लूटपाट, असामाजिक गतिविधियों और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। यह स्थिति केवल विकास कार्यों की अनदेखी नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय भी है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद न तो जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया गया और न ही सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। ऐसा प्रतीत होता है कि निर्माण के बाद रेलवे विभाग ने इस अंडरपास के रखरखाव की जिम्मेदारी को पूरी तरह भुला दिया है।

यह केवल रेलवे विभाग की जिम्मेदारी का प्रश्न नहीं है, बल्कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत दातला, संबंधित राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों, अनुविभागीय प्रशासन तथा रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लें। जब किसी सार्वजनिक मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हों, तब उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का दायित्व है।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अंडरपास में स्थायी जल निकासी व्यवस्था, हाईमास्ट अथवा पर्याप्त स्ट्रीट लाइट, नियमित रखरखाव तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक इंतजाम तत्काल किए जाएं, ताकि किसी संभावित दुर्घटना या अप्रिय घटना से पहले इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि समय रहते जागेंगे, या फिर किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही व्यवस्था हरकत में आएगी?

# टाटा नगर एक्सप्रेस को छिंदवाड़ा तक विस्तारित किए जाने को लेकर सौंपा पत्र

**जुन्नारदेव।** आज नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक दीपक गुप्ता जी का छिन्दवाड़ा आगमन हुआ इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रेलवे जोनल सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर ने मंडल रेल प्रबन्धक श्री गुप्ता से मुलाकात की और जिले के सांसद विवेक बंटी साहू का पत्र टाटानगर एक्सप्रेस को छिन्दवाड़ा तक विस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में मंडल रेल प्रबन्धक को सौंपा साथ ही छिन्दवाड़ा से प्रतिदिन मंडला जाने वाली पेसेंजर में चार कोच बढ़ाए जाने की माँग की और रेलवे सुरक्षा बल और टी टी स्टाफ को भी बढ़ाने की मांग रखी इसके जवाब में मंडल रेल प्रबन्धक श्री गुप्ता ने बताया कि टाटानगर एक्सप्रेस को छिन्दवाड़ा तक विस्तारित किए जाने के प्रयास किए जा रहे है और मंडला पैसेंजर में भी कोच की उपलब्धता पर कोचेस बढ़ाए जायेंगे इसके साथ ही छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन में टी टी स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल को बढ़ाने की मांग की।

# अंबेडकर प्रतिमा सौन्दर्यीकरण के लिए तरस रही कंपनी ने नहीं निभाया अपना वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगरीय क्षेत्र में ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान संविधान निर्माता डाक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडर की प्रतिमा को अन्यत्र रखा गया था।तत्संबंध कंपनी के अधिकृत इंजी. के द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरांत डां बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को यथा स्थान स्थापित कर सौंदर्यीकरण किए जाने का वादा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जुन्नारदेव एवं डां भीमराव अम्बेडकर साहब के अनुयायी के समक्ष किया गया था। निर्माण एजेंसी के द्वारा निर्माण कार्य उपरांत डां भीमराव अम्बेडकर जी कि प्रतिमा को यशा-स्थान पर स्थापित कर दिया गया है। किन्तु प्रतिमा स्थल के आस-पास सौंदर्यीकरण रेलिंग आदि की व्यवस्था नही किये जाने से डां बाबा साहेब भीमराव अम्बेकर जी के अनुयायीयों में भारी रोष व्याप्त है। उपरोक्त समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने विभाग को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि जामई-तामिया परियोजना के अंतर्गत निर्माण एजेसी को आदेशित करे कि, वह उपरोक्तानुसार कमियों को अतिशीघ्र पूर्ण करे। जिससे होने वाली समस्याओ का निराकरण हो सके। नगर पालिका अध्यक्ष में चर्चा के दौरन बताया डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष व्यवस्थित सौंदरीयकरण का वदा जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने भी किया था। लेकिन उन्होंने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण अंबेडकर प्रतिमा खस्ताहाल दिखाई दे रही है। बरसात के दिनों में अंबेडकर प्रतिमा के सामने कीचड़ और बरसात के पानी से स्थिति और भी दयनीय हो गई है। इस ओर तत्काल सौंदरीयकरण की मांग नगर वासियों ने की है। उपरोक्त समस्या के संबंध में राजेश पाटील बौद्ध महासभा के पदाधिकारी ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा जब हटाई जा रही थी उस समय पंचनामा बनाया गया था। जिसमें प्रतिमा को पुनःस्थापित करने के बाद व्यवस्थित और सुंदर ढंग स्थापित करने की बात कही गई थी। जिसका पालन आज तक पर नहीं हो रहा है।



### इनका कहना है

इसको लेकर बौद्ध महासभा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा परम सम्माननीय भारत रत्न डॉ भीमराव जी अंबेडकर की प्रतिमा के समीप एमपी आरडीसी एवं निर्माण एजेंसी ने उक्त स्थल विधिवत माननीय जी की प्रतिमा को स्थापित कर उसे स्थल का सौंदरीकरण कार्य करना तय हुआ था किंतु आज दिनांक तक उक्त स्थल का सौंदरीकरण नहीं किया गया है जिला प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन से शीघ्र निर्माण की अपेक्षा है।
**संजय जैन सभापति नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव।**

# खेत में कार्य के दौरान बुजुर्ग महिला को सांप ने काटा

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण अंचलों में सांप द्वारा काटने के मामले सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला वारासिवनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिरपुर मोहनटोला से सामने आया है, जहाँ खेत में कृषि कार्य कर रही एक 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला सर्पदंश का शिकार हो गई। महिला को गंभीर अवस्था में परिजनों के द्वारा तत्काल वारासिवनी के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार किया गया।



जानकारी अनुसार ग्राम सिरपुर के मोहनटोला निवासी धुरनबाई पति बकाराम राहंगडाले उम्र 62 वर्ष का परिवार मुख्य रूप से खेती किसानी पर निर्भर है। इन दिनों क्षेत्र में खरीफ की फसल का काम जोरों पर चल रहा है। शुक्रवार की दोपहर करीब ढाई बजे बजे धुरनबाई अपने परिवार के सदस्यों के साथ खेत में परहा धान की रोपाई के लिए पौधे लगाने गई हुई थी। इसी दौरान खेत में बने एक धूरे किनारे कचरे के ढेर के पास वह पैर से कचरा दबा रही थीं। तभी अचानक वहाँ छिपे एक जहरीले सर्प ने उनके पैर के पिछले हिस्से में काट लिया। सांप के काटते ही धुरनबाई ने सूझबूझ का परिचय दिया और तत्काल पास में ही काम कर रहे अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने भी बिना समय गंवाए मुस्तैदी दिखाई और उन्हें तुरंत वारासिवनी स्थित सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने तुरंत आवश्यक प्राथमिक उपचार कर उसका जीवन सुरक्षित करने का कार्य किया।

## 'सरपंच ने विधायक से की बात, प्रबंधक बोले शेड का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा गया'

# खजरी गोदाम में किसानों के लिए शेड लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित कटंगी के खजरी स्थित गोदाम में खाद और कीटनाशक लेने पहुंचने वाले किसानों को बरसात और गर्मी के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोदाम के सामने किसी प्रकार का शेड न होने के कारण किसानों को खुले में घंटों लाइन लगानी पड़ती है। हाल ही में हुई बारिश के दौरान किसानों को भीगते हुए खाद खरीदते देखा गया। किसानों ने बताया कि खजरी गोदाम क्षेत्र के कई गांवों के किसानों के लिए खाद वितरण का मुख्य केंद्र है। गर्मी में धूप और लू से किसानों का बुरा हाल होता है। वहीं अब जब बारिश का मौसम शुरू हो गया है तो किसानों को बारिश में भीगते हुए खाद और कीटनाशक की लाइन में खड़ा होना पड़ा। किसानों की दयनीय स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत खजरी के सरपंच सुरेंद्र राहंगडाले ने शनिवार को विधायक गौरव सिंह पारधी से दूरभाष पर चर्चा की। सरपंच ने मांग की कि गोदाम के सामने तत्काल शेड का निर्माण कराया जाए, ताकि किसानों को मौसम की मार से बचाया जा सके। विधायक ने इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं दोपहर डेढ़ बजे जब हम यहां पहुंचे तो किसान गोदाम की छाया में बैठे हुए नजर आए।

इस पूरे मामले में जब गोदाम प्रबंधक से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि किसानों की तकलीफों को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा गोदाम परिसर का सर्वे पहले ही कराया जा चुका है। शेड निर्माण का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है और फिलहाल स्वीकृति मिलने की प्रक्रिया में है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। किसानों का कहना है कि हर सीजन में उन्हें इसी तरह परेशानी उठानी पड़ती है। खाद लेने आएं तो या तो धूप में खड़े रहो या बारिश में भीगो। बोरियां भी गीली हो जाती हैं। सरकार किसानों की बात करती है तो पहले हमें बुनियादी सुविधा तो दे। सरपंच सुरेंद्र राहंगडाले ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक स्थायी शेड नहीं बनता, तब तक अस्थायी टीनशेड की व्यवस्था की जाए।

# दर्दनाक सड़क हादसा : 26 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। नगर के हीरो शोरूम के सामने एक अनियंत्रित मोटर साइकिल दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में बड़गाँव निवासी 26 वर्षीय युवक राजा बिसेन गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सिविल अस्पताल वारासिवनी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़गाँव निवासी राजा बिसेन पिता सुमेंद्र सिंह बिसेन 26 वर्ष शुक्रवार को किसी जरूरी काम से ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ला स्थित अपने एकरिश्तेदार के घर आया हुआ था। दिन भर का समय रिश्तेदारों के यहाँ बिताने के बाद शाम करीब 5 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव बड़गाँव लौटने के लिए निकला था। राजा बिसेन अपनी मोटर साइकिल से वारासिवनी बालाघाट मार्ग होते हुए दीनदयाल चौक की ओर आ रहा था। इसी दौरान हीरो शोरूम के ठीक सामने अचानक विपरीत दिशा से एक स्कूटी चालक सामने आ गया। आमने सामने की भिड़ंत से बचने के प्रयास में राजा ने अपनी मोटर साइकिल को मोड़ने की कोशिश की, जिससे वाहन पर से उसका नियंत्रण पूरी तरह खो गया। नियंत्रण खोते ही मोटरसाइकिल सड़क पर फिसल गई और राजा दूर जा गिरा। हादसा होते ही सड़क पर हड़कंप मच गया। शोरूम के आस पास मौजूद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। इसी बीच वहां से गुजर रहे कुछ परिचित लोगों ने तत्परता दिखाते हुए लहूलुहान हालत में राजा को उठाया और तत्काल वारासिवनी के सिविल अस्पताल लेकर पहुँचे। इस दुर्घटना में राजा बिसेन के सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर बाहरी और अंदरूनी चोटें आई हैं।



# रातभर की बारिश ने बरपाया कहरः मकान ढहा, बैंक कर्मचारी गंभीर घायल

## लांजी नगर में बड़ा हादसा, मलबे में दबे युवक को निकालकर जिला अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले के लांजी नगर मुख्यालय में गुरुवार-शुक्रवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। लगातार बरसात के चलते सालेटेकरी रोड स्थित एक मकान क्षतिग्रस्त होकर अचानक ढह गया। हादसे में मकान के भीतर सो रहा एक निजी बैंक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ईसाफ बैंक में कार्यरत तपेश रहांगडाले (28) उक्त मकान में किराए से निवास कर रहे थे। दो और तीन जुलाई की मध्यरात्रि से क्षेत्र में लगातार तेज बारिश हो रही थी। बताया जा रहा है कि लगातार पानी गिरने से मकान की नींव कमजोर हो गई थी, जिसके चलते मकान अचानक एक ओर झुक गया और देखते ही देखते उसका बड़ा हिस्सा धराशायी हो गया।

**मलबे से बाहर निकालकर पहुंचाया अस्पतालः** हादसे के समय तपेश रहांगडाले घर के अंदर गहरी नींद में थे। मकान गिरते ही वे मलबे में दब गए। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय नागरिकों की तत्परता से घायल युवक को मलबे से बाहर निकाला गया और तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल का उपचार जारी था।जानकारी के अनुसार घटना के समय मकान मालिक घर पर मौजूद नहीं थीं। सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचीं। सुरक्षा की दृष्टि से एक तरफ झुक चुके जर्जर मकान को जेसीबी मशीन की सहायता से पूरी तरह ढहा दिया गया। इस घटना ने लगातार बारिश के बीच कमजोर मकानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ा दी है।

# कारंजा-परसोड़ी सड़क बनी मौत का दलदल, गड्ढों में फंसी जिंदगी

### बारिश में कीचड़-पानी से आवागमन ठप, स्कूल जाने वाले बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा; ग्रामीणों ने धान रोपा कर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



विकास के दावे चाहे जितने बड़े किए जाएं, लेकिन लांजी क्षेत्र के कारंजा-परसोड़ी मार्ग की जमीनी हकीकत कुछ और ही कह रही है। यह सड़क अब संपर्क मार्ग नहीं, बल्कि हादसों का खुला मैदान बन चुकी है। बाला साहेब देवरस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कारंजा के सामने से गुजरने वाली यह सड़क बदहाली की भयावह तस्वीर पेश कर रही है, जिसने प्रशासनिक संवेदनहीनता की पोल खोलकर रख दी है।

लगातार बारिश के चलते सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी और कीचड़ भर गया है, जिससे लोगों का निकलना तक दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा चिंता स्कूली बच्चों को लेकर है। हर दिन सैकड़ों विद्यार्थी इसी सड़क से होकर विद्यालय पहुंचते हैं और उन्हें अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। अभिभावकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सड़क की यह हालत किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। राहगीरों और वार्डवासियों के लिए पैदल चलना तक मुश्किल हो चुका है। हाल ही में इसी मार्ग पर हुई दुर्घटना ने लोगों के डर को और बढ़ा दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क दो गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है और दो ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आती है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन हैं। कई बार ग्राम पंचायत, सीएम हेल्पलाइन और क्षेत्रीय विधायक तक शिकायत पहुंचाई गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला।

अब ग्रामीणों का सब्र टूट चुका है। लोगों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण या मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे बीच सड़क पर धान की रोपा लगाकर उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इस बदहाल सड़क के कारण किसी बच्चे या ग्रामीण की जान जाती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी।

वार्डवासी रूपेश सोनवाने ने कहा, "हमने इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार मांग की है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बारिश के मौसम में सड़क पर चलना बेहद मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और ग्रामीणों को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है। यदि जल्द ही सड़क का निर्माण या मरम्मत नहीं की गई, तो हम सभी वार्डवासी सड़क के बीच धान की रोपा लगाकर अनोखा विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।"

# जिले में 04 जुलाई तक 223 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 04 जुलाई 2026 तक कुल 223 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 206 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 04 जुलाई तक 285 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए । कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 40 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 44 मिलीमीटर, वारासिवनी में 63 मिलीमीटर, बैहर में 41 मिलीमीटर, लांजी में 35 मिलीमीटर, कटंगी में 44 मिलीमीटर, किरनापुर में 79 मिलीमीटर, खैरलांजी में 29 मिलीमीटर, लालबर्रा में 36 मिलीमीटर, बिरसा में 22 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 23 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की महत्वपूर्ण जनसेवा व्यवस्था है। इसलिए शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं समय-सीमा का पूर्ण पालन किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिले तथा जिले की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो।

### केवलारी में 7 जुलाई को होगी विशेष जनसुनवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के विकासखंड केवलारी में मंगलवार, 7 जुलाई को विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में क्षेत्र के नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं, शिकायतों तथा मांगों से संबंधित आवेदन सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। विशेष जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा पात्र मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने केवलारी क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 7 जुलाई को आयोजित विशेष जनसुनवाई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनका प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के तृतीय चरण की समय-सारणी जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क ऑनलाइन प्रवेश के तृतीय चरण की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जिला शिक्षा केन्द्र, सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के पत्र दिनांक 02 जुलाई 2026 के निर्देशानुसार प्रथम एवं द्वितीय चरण के बाद रिक्त बची सीटों पर तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि तृतीय चरण में नए आवेदन अथवा दस्तावेजों का पुनः सत्यापन नहीं होगा। केवल वे अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन कर सत्यापन के बाद पात्रता प्राप्त की थी लेकिन उन्हें प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई विद्यालय आवंटित नहीं हुआ, वे 03 जुलाई से 08 जुलाई 2026 तक अपनी विद्यालय पसंद (चॉइस) अपडेट कर सकेंगे। साथ ही ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें पहले या दूसरे चरण में विद्यालय आवंटित हुआ था लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी अपनी पसंद अपडेट कर सकते हैं।

# मोहबर्रा सारसडोल के बीच 3.5 करोड़ की सडक़ पानी में बही

## भ्रष्टाचार की पोल सडक़ ने खोल कर रख दी है,शासन प्रशासन के पैसों बना मजाक

**सिवनी । जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत आने वाले उगली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहबर्रा से सारसडोल की बीच लगभग 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित की गई डामरीकृत सडक पहली ही बारिश की बोछार में टूटकर बह गई है, जिससे मोहबर्रा और सारसडोल के बीच सडक संपर्क पूर्ण रूप से टूट गया है। हालांकि अभी भी मोहबर्रा और सारसडोल के मध्य पडने वाली नदी में लगभग एक करोड़ रूपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माणा कार्य गति पर है।**

उल्लेखनीय होगा कि उगली के समीपस्थ ग्राम मोहबर्रा से ग्राम सारसडोल को जोडने वाले लगभग 2 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 3 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत किया गया, जिसके निर्माण कार्य का ठेका बालाघाट जिले के लामता निवासी आशीष जायसवाल ठेकेदार को दिया गया है, जिसके द्वारा डामरीकृत सडक का निर्माण कार्य विगत एक माह पूर्व ही पूर्ण किया गया है। इसके अलावा इस मार्ग पर पडने वाली नदी पर लगभग 4 मीटर ऊंचाई के पुल का निर्माण कार्य लगभग 1 करोड़ रूपये की लागत से चल रहा है। निर्माणाधीन पुल के दोनों सिरों तक सडक का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।



मोहबर्रा से सारसडोल की बीच बनाई गई सडक़ में निर्माणाधीन नदी के पुल से महज 200 मीटर की दूरी पर सडक़ निर्माता ठेकेदार के द्वारा खेतों के पानी निकासी को लेकर पुलिया डाली गई थी और उसके ऊपर से डामरीकृत सडक़ बनायी गई थी ताकि खेत का पानी आसानी से निकल सके, लेकिन ताकनीकी विहीन सडक़ निर्माण कार्य की पोल उस समय खुल गई जब विगत दो दिनों से क्षेत्र में अनवरत बारिश का दौर प्रारंभ हुआ और खेत पानी से लबालब हो गये, पानी निकासी के लिए बनायी गई पुलिया से पानी निकासी पर्याप्त मात्रा में नहीं हो सकी और उक्त मोघी पानी में डूब गई और जब पानी नीचे उतरा तो मोघी सहित सडक़ के हिस्से को बहा ले गया। जिस स्थान पर मोघी डाली गई थी वहां पर सडक़ दो भागों में विभाजित होने से मार्ग में आवागमन अवरूद्ध हो गया है।

मौके पर देखने पर इस बात की जानकारी लगी कि सडक़ निर्माता ठेकेदार के द्वारा पानी निकासी हेतु पर्याप्त व्यवस्था और कटिंग नहीं देने व नाली निर्माण नहीं करने के कारण ग्राम मोहबर्रा में लोगों के घरों में पानी भर जाने से भारी नुकसानी का सामना करना पड़ है और लोगों को पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। एक किसान के द्वारा दूरभाष में बताया गया कि पानी के तेज बहाव में सड़ पर लगाई गई मोघा भी बह गये है जिससे तेज बहाव का पानी उसके खेत में तालाब को फोड़ते हुए बहकर खेत में भर जाने से उसकी खरीफ फसल क्षतिग्रस्त हो गई है।

इस संदर्भ में ठेकेदार आशीष जायसवाल से सुबह जब संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारे निर्माण कार्य में नाली स्वीकृत नहीं थी,जितना एस्टीमेट हमें दिया गया है,उसके अनुरूप कार्य हुआ है सडक़ के किनारे किसानों के द्वारा ही मोघे लगाने की अनुमति दी गई थी, जहां तक पुलिया की बात करें तो अभी निर्माण कार्य जारी है। मानसून सत्र की शुरुआत में पहले ही बरसात ने घटिया सडक़ निर्माण और उसके निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। शासन प्रशासन के पैसों का क्या मजाक बनाया जा रहा है,वर्षों से लंबित मांग मोहबर्राऔर सारसडोल के मध्य तत्कालीन विधायक की स्वीकृति से लगभग करोड़ों रुपए के विकास कार्यों हो रहे थे, जिसकी पोल पहली बरसात में खुलती नजर आ रहे हैं।

# नाबालिग गर्भपात मामले में कई सवालः कथित महिला डॉक्टर तक पुलिस की जांच कब पहुंचेगी? क्या अन्य आरोपियों पर भी होगी कार्रवाई?

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

नाबालिग से जुड़े गंभीर मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब पूरे क्षेत्र में पुलिस की आगे की कार्रवाई को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति पर नाबालिग को गर्भवती करने का आरोप है, उसकी गिरफ्तारी तो हो गई, लेकिन मामले के अन्य पहलुओं पर अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि नाबालिग को कथित रूप से गर्भपात की दवा उपलब्ध कराने वाली महिला डॉक्टर की भूमिका की भी निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए।

यदि जांच में यह सामने आता है कि बिना वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए किसी नाबालिग को गर्भपात संबंधी दवा दी गई या किसी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता प्रदान की गई, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होना आवश्यक है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यदि पुलिस नाबालिग के माता-पिता एवं मामले से जुड़े अन्य लोगों से गहन और निष्पक्ष पूछताछ करे, तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। लोगों के बीच यह धारणा बन रही है कि पूरे मामले में केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। यदि किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका भी जांच में सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

कुछ लोगों का आरोप है कि जांच की गति अपेक्षा से धीमी है, जिसके कारण तरह-तरह की चर्चाएं और सवाल उठ रहे हैं। वहीं, पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी लोगों के बीच विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और जांच एजेंसियों की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि नाबालिग की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कानून के पालन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। ऐसे मामलों में यदि किसी भी व्यक्ति—चाहे वह कोई चिकित्सक हो, मध्यस्थ हो या अन्य कोई—की भूमिका सामने आती है, तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष एवं कानूनी कार्रवाई होना न्याय की दृष्टि से आवश्यक माना जाता है।

अब पूरे क्षेत्र की निगाह पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जांच केवल मुख्य आरोपी तक सीमित रहेगी, या फिर मामले से जुड़े सभी संभावित पहलुओं और सभी संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी? इसका जवाब आने वाले दिनों में पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई से ही स्पष्ट हो सकेगा।

## नियम तोडऩे वालों पर सिवनी यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश व मार्ग अवरुद्ध करने पर 2 वाहनों से वसूला 20,000 शमन शुल्क

### एसपी कृष्णा लालचंदानी के निर्देशन में लापरवाह वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी



क्रम में दो वाहनों पर कुल 20,000 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी यातायात द्वारा टीम के साथ कार्रवाई करते हुए वाहन क्रमांक एनएल 01 एन 4949 को प्रतिबंधित क्षेत्र में चलाते हुए मुख्य मार्ग को खतरनाक तरीके से अवरुद्ध करते पाया गया। सार्वजनिक मार्ग बाधित करने एवं यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने पर वाहन पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया। चेकिंग के दौरान सउनि नानकराम पाल द्वारा वाहन क्रमांक आरजी 06 जीडी 8708 को रोका गया। जांच में पाया गया कि वाहन बिना वैध बीमा के प्रतिबंधित क्षेत्र में संचालित किया जा रहा था। मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन पर इस वाहन पर भी 10,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

# जल संरक्षण आज की आवश्यकता ही नहीं, आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी - कलेक्टर नेहा मीना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को मानस भवन, सिवनी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। अभियान के दौरान जिले में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, पौधरोपण तथा जनजागरूकता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी साझा की गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है। आज आवश्यकता केवल जल बचाने की नहीं, बल्कि उसे धरती के भीतर पहुंचाकर भविष्य को सुरक्षित बनाने की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान अपनी कृषि भूमि में छोटा खेत तालाब अवश्य बनाए, जिससे वर्षा जल का अधिकतम उपयोग हो सके और भूजल स्तर में सुधार आए। उन्होंने नागरिकों से पौधों के संरक्षक बनने, अधिकाधिक पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विधायक श्री राय ने विशेष रूप से नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि यदि आज हम वर्षा जल का संरक्षण करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से जल एवं पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए अभियान से निरंतर जुड़े रहने का आग्रह किया।

# अनियंत्रित होकर यात्री बस पेड में जा टकराई, 9 घायल



**हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।**

केवलारी । जिले के केवलारी थाना अंतर्गत बोथिया गांव के पास 3 जुलाई शुक्रवार को एक सडक हादसा हो गया। सिवनी से मंडला जा रही एक यात्री बस सडक़ में अचानक आए मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे उतर कर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस चालक व पैदल व्यक्ति सहित 9 लोग घायल हुए हैं। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल केवलारी अस्ताल पहुंचाया गया। केवलारी एसडीओपी आशीष भराड़े ने बताया कि घायलों में से दो लोगों की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। रेफर किए गए लोगों में से एक यात्री के पैर में फ्रैक्चर है और दूसरा व्यक्ति वही मानसिक रूप से कमजोर पैदल यात्री है। शेष घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है और पुलिस दुर्घटना के सटीक कारणों की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार केवलारी से मंडला की ओर घटनास्थल पर सडक़ पूरी तरह समतल थी और बस में क्षमता से अधिक सवारियां (ओवरलोडिंग) भी नहीं थीं। बस में 20 से 22 लोग सवार थे। दुर्घटना शाम लगभग 5.30 बजे तब हुई जब एक मानसिक रूप से कमजोर 30 वर्षीय व्यक्ति अचानक बस के सामने आ गया। उस पैदल यात्री को बचाने के प्रयास में चालक ने बस को मोड़ा, लेकिन बारिश के मौसम के कारण सडक़ किनारे की मिट्टी गीली होने से बस फिसलकर नीचे उतर गई और सीधे पेड़ से जा टकराई। सूचना मिलते ही केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम तिलगाम सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सभी घायलों को तुरंत केवलारी स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में अषीव पुत्र कलीम खान 55 वर्ष छपारा सिवनी, सजल पुत्र श्रीराम चौरसिया 55 वर्ष बम्हनी बंजर मंडला, कमलेश पुत्र तोड़ेलाल टेकाम 56 वर्ष बम्हनी बंजर मंडला, अरुण कुमार पुत्र रोशनलाल शिववंशी 50 वर्ष समनापुर वार्ड नंबर 6, सडक़ पार कर रहा पैदल यात्री शिवराम पुत्र सोहन वंशकार 30 वर्ष बोथिया केवलारी, रामकुमार पुत्र गणेश कहार 80 वर्ष बोथिया, भागवत पुत्र लेखराम उइके, महेश्वरी पुत्र विजय कुमार टेम्भरे 55 वर्ष और राजाराम पुत्र डालसिंह जंघेला 47 वर्ष शामिल हैं।

# वन सेफ क्लिक के अंतर्गत लगातार उगली पुलिस दे रही समझाइश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

गत दिवस सिवनी जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली, विधानसभा केवलारी के अंतर्गत थाना प्रभारी दयाराम शरणागत एवं स्टाफ के द्वारा उगली बस स्टेंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के सामने क्षेत्रीय जन ग्रामीणों को साइबर फ्राडिंग के अंतर्गत होने वाली बैंक धांधली जो आजकल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस स्मार्ट मोबाइल फोन्स से बहुत ज्यादा ऐसे केस सामने आ रहे हैं,जिसके आधार पर यदि कोई उपभोक्ता फंस जाता है, तो इसकी शिकायत नजदीकी थाना में करने के बाद किसी तरह का लाभ प्राप्त नहीं होता, क्योंकी पुलिस भी ऐसे मामलों की छानबीन नहीं कर पाती.इस जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य केवल स्मार्टफोन के माध्यम से फर्जी कॉल्स, ओटीपी और अपने बैंक संबंधित जानकारी किसी अजनबी व्यक्तियों को नहीं देना चाहिए साइबर फ्रॉडिंग के अंतर्गत आपके खाते से पैसे उड़ाए जा सकते हैं, ऐसी स्थिति में 1903 पर काल करके आन लाइन शिकायत कर सकते हैं. जिसको लेकर मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक और अनुविभागिय अधिकारी व थाना प्रभारीरियों को विगत 24 जून से आगामी 8 जुलाई तक 15 दिवस के लिए यह वन सेफ क्लिक सुरक्षा अभियान चलाने की दिशा निर्देश दिए हैं, लगातार नवनियुक्त थाना प्रभारी दयाराम शरणागत की सक्रियता उगली क्षेत्र में देखने को मिल रही है,स्कूलों में शासकीय परिसरों ग्राम पंचायत भवनों और चौक चौराहों में उपस्थित होकर ग्रामीणों को जागरुक करते हुए पुलिस विभाग की सक्रियता देखी जा रही है.

## कान्हीवाड़ा स्कूल में प्रभारी प्राचार्य और चपरासी की मनमानी, बारिश में बाहर भीगते रहे छात्र और शिक्षक



कान्हीवाड़ा/सिवनी। जिला शिक्षा केंद्र सिवनी के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा में प्रभारी प्राचार्य और चपरासी की घोर लापरवाही और मनमानी का मामला सामने आया है। स्कूल प्रबंधन की इस बेरुखी के कारण गिरते पानी (बारिश) के बीच आधे से ज्यादा शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को स्कूल परिसर के मुख्य गेट के बाहर घंटों खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा।

### मुख्यालय से नदारद रहते हैं कर्मचारी

मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल का गेट समय पर नहीं खोला गया, जिसके चलते दूर-दराज से आने वाले बच्चों और स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि इस हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ चपरासी नियम विरुद्ध तरीके से मुख्यालय से बाहर रहते हैं, जिसके कारण स्कूल समय पर खुलने और बंद होने की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।




# खवासा बीट मे चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

दिनांक 03.07.2026 को वन परिक्षेत्र खवासा (बफर) के अंतर्गत आने वाली खवासा बीट के कक्ष क्रमांक आर. 331 में स्थित पर्यटक सुविधा केन्द्र में पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के अंतर्गत आने वाले खवासा, रूखड एवं अरी बफर परिक्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में निवासरत चरवाहो हेतु चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कुल 100 चरवाहे सम्मिलित हुये, कार्यक्रम की रूपरेखा सुबह चरवाहो को उनके गांव से ससम्मान खवासा लाकर स्वल्पाहार से शुरूआत हुई। तत्पकश्चात सभी चरवाहो को पावर पाईंट प्रेजेन्ट्शन के माध्यम से जंगल में जानवर चराते समय बरती जाने वाली सावधाोनियां, वन्यप्राणियों से सुरक्षा एवं बचाव, वन विभाग के नियमों का पालन एवं आपसी समझ, संबंधों को बढाना, मुखबिरी इत्यादि विषयों पर जागरूक किया गया।

चरवाहो की सुरक्षा हेतु पेंच प्रबंधन की तरफ से सभी चरवाहों को एक ध्वनि संयंत्र, छाता, गमबूट, गमछा वितरित किया गया । इसके पश्चालत सभी चरवाहों के साथ सम्मान भोज का आयोजन किया गया जिसमें उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी, सहायक वन संरक्षक सिवनी क्षेत्र, परिक्षेत्र अधिकारी रूखड बफर, परिक्षेत्र अधिकारी खवासा बफर, लोचन मर्सकोले जनपद अध्यकक्ष कुरई, सावन लाल कुमरे जनपद सदस्यर टुरिया, रामचरण बेलवंशी जनपद सदस्य खवासा एवं तीनों परिक्षेत्र का वन अमला शामिल रहा। जनपद अध्यक्ष द्वारा सभी चरवाहों को मानव- वन्यएप्राणी द्वंद के समय बरती जाने वाली सावधानियां एवं बाघ संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया।

उप संचालक महोदय द्वारा चरवाहों को नियम पालन तथा सुरक्षा एवं पुराने जडी बूटी के संरक्षण के विषय में बताया गया। कार्यक्रम उपरांत सभी चरवाहों को खवासा बफर गेट से सफारी हेतु भेजा गया जिससे सभी चरवाहे अत्यांत आनंद, उत्साचह के साथ भाग लिया एवं भविष्यह में वन, वन्यशप्राणी संरक्षण, जंगल में प्रवेश करते समय अत्यंत सावधानी रखने एवं वन अधिकारी से समन्वय की बात से सभी सहमत हुये एवं बताये गये नियमों के पालन का वादा किया। कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण सभी चरवाहो को एक मास्क प्रदान किया गया जो जानवर चराते समय सिर के पीछे लगाना होगा जिससे वन्य प्राणी के पीछे से हमले करने की संभावना को क्षीण करेगा।

# छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू की मैहर पदयात्रा का छपारा में भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

छिंदवाड़ा से माँ शारदा के पावन धाम मैहर तक निकाली जा रही पदयात्रा के दौरान शनिवार को यात्रा सिवनी जिले की छपारा तहसील पहुँची। इस अवसर पर यात्रा का भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पदयात्रा का स्वागत करने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, जिला सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक, पूर्व नगर अध्यक्ष (उत्तर मंडल) संजय पप्पू सोनी, बंटी डहेरिया, राहुल अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और पदयात्रा में सहभागी बनकर माँ शारदा से प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय माँ शारदा के जयघोष के साथ पदयात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।







## गुजरी बाजार में सड़क खुदाई से व्यापार प्रभावित, दुर्घटना का डर

# ठेकेदार ने व्यापारियों से कहा, तुम कलेक्टर ऑफिस भी चले जाओगे तो मेरा कुछ नहीं होना है

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर में नगरपालिका की ओर से कराए जा रहे विकास कार्य नागरिकों और व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। गुजरी बाजार में नाली निर्माण के लिए की गई खुदाई अधूरी पड़ी है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना का डर भी बना हुआ है।

यह निर्माण कार्य बरसात शुरू होने से ठीक पहले शुरू किए गए थे। दुकानों के सामने खोदी गई नाली के कारण ग्राहक आने से कतरा रहे हैं। शहर के मेनरोड और हनुमान चौक पर भी बारिश के पानी की निकासी के लिए चल रहे कार्यों से राहगीरों को असुविधा हो रही है, और हनुमान चौक पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है।

नागरिकों और व्यापारियों की शिकायतों पर जिम्मेदार प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नगरपालिका, स्थानीय प्रशासन और 181 हेल्पलाइन पर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे लोग समस्या के समाधान के लिए स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं।

कपड़ों के व्यापारी स्वामी ने बताया कि जब उन्होंने नाली निर्माण में देरी को लेकर ठेकेदार सोनू कसार से बात की, तो उसने कहा कि बरसात में काम नहीं हो सकता। यह पूछने पर कि जब काम नहीं होना था तो खुदाई क्यों की गई, ठेकेदार ने व्यापारियों से कहा, तुम कलेक्टर ऑफिस भी चले जाओगे तो मेरा कुछ नहीं होना है। व्यापारियों का मानना है कि 181 पर शिकायत के बावजूद उनकी समस्या का समाधान न होने के कारण ठेकेदार की यह बात सही प्रतीत होती है।



व्यापारी राजेंद्र वाधवानी ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ठेकेदार ने नाली के लिए खुदाई तो कर दी है, लेकिन उस पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। इससे दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को परेशानी हो रही है और बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने का डर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस खुदाई से उनके व्यवसाय पर नकारात्मक असर पड़ा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सीएमओ सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि ठेकेदार को कम जल्द करने के निर्देश दिए हैं और यदि वह जल्द काम नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो ब्लैक लिस्टेड भी किया जाएगा।

## वन परिक्षेत्र खैरलांजी के ग्राम भंडारबोड़ी के पीपरटोला की घटना

# खेत के कुएं में मिला भालू का टुकड़ों में कटा शव, शिकार की आशंका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण वन मंडल बालाघाट सामान्य के वन परिक्षेत्र खैरलांजी के ग्राम भंडारबोड़ी अंतर्गत पीपरटोला में किसान जियालाल धुर्वे के खेत में स्थित कुएं में भालू(नर उम्र 11 वर्ष) का टुकड़ों में कटा हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। खैरलांजी और वारासिवनी का वन अमला मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से भालू के शव को बाहर निकाला।

शनिवार को दोपहर दो से तीन बजे के बीच ग्रामीणों ने खेत के कुएं से दुर्गंध आने पर अंदर झांककर देखा, तो भालू का शव टुकड़ों में पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे वन अमले ने स्थिति का जायजा लिया और शव को कुएं से बाहर निकाला। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर डाग स्क्वाड भी पहुंचा, जिसने आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की।



### चारों पैर मिले कटे

भालू की हालत बेहद गंभीर और संदिग्ध पाई गई, उसके चारों पैर काट दिए गए थे और सिर को भी धड़ से अलग कर दिया गया था। आगे के पैरों के नाखून भी गायब पाए गए, जिससे अवैध शिकार की आशंका और गहरा गई है। प्रथम दृष्टया यह मामला वन्यजीव शिकार या हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शिकार कर शव के हिस्सों को निकालने के बाद उसे छिपाने के उद्देश्य से कुएं में फेंका गया होगा। वन विभाग ने मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। भालू का शव तीन से चार पुराना होने उसमें कीड़े लग गए थे। जिससे उसका लीवर, लंग्स सहित अन्य अवशेष गले होने के कारण शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट सामने नहीं आया है। वन विभाग ने भालू के शव का विधिवत अंतिम अंतिम किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। सैंपल ले लिए गए है जिसे जबलपुर भेजा जाएगा। वन विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की बात कही है। घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीव सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने भी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना हैं

पीपरटोला में जंगल से लगे एक किसान के खेत में भालू का क्षत विछत हालत में शव मिला। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शव बरामद कर पंचनामा बनाकर अंतिम संस्कार किया गया। तीन से चार दिन पुराना शव होने से अंग गल चुके थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट होगा। सैंपल ले लिए गए है। जिन्हें जबलपुर भेजा जाएगा।

**डीसी वासनिक,**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी,**
**खैरलांजी।**

# डायरिया रोको अभियान के तहत धनसुआ एवं ओदा में पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनेशन

**बालाघाट।** जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में 4 जुलाई 2026 को बालाघाट विकासखंड के ग्राम धनसुआ एवं ग्राम ओदा में विभागीय अमले द्वारा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन किया गया। अभियान के दौरान हैंडपंपों एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों में निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीन का उपयोग कर जल को सुरक्षित बनाने की कार्रवाई की गई, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके और डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों ने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, पानी को साफ एवं ढंककर रखने, घर के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह भी दी। साथ ही लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने, भोजन से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने तथा दूषित पानी के सेवन से बचने के प्रति जागरूक किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, क्लोरीनेशन एवं जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य निरंतर जारी रहेगा, ताकि आमजन को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके और वर्षा ऋतु में जलजनित रोगों की रोकथाम प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जा सके।

## शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममुखी बनाने पर रहेगा विशेष फोकस

# श्रीमती धनश्री जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट का कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में शिक्षा विभाग को नया नेतृत्व मिल गया है। श्रीमती धनश्री जैन ने शुक्रवार, 03 जुलाई 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), बालाघाट का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में संचालित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की प्रारंभिक जानकारी ली।कार्यभार संभालने के बाद श्रीमती जैन ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना तथा शासन की विभिन्न शिक्षा संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना सभी की साझा जिम्मेदारी है।



विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, समयबद्ध शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।श्रीमती धनश्री जैन के पदभार ग्रहण करने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। जिले के शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों ने भी विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बालाघाट जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति मिलेगी।

# वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा, लगातार बारिश से सड़कें जलमग्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी का पानी किनारों तक पहुंच गया है, जिसके चलते नदी क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शहर की सड़कें और हनुमान चौक जलभराव के कारण तालाब जैसे दिखाई दे रहे हैं।



शनिवार सुबह मौसम खुला रहा, लेकिन दोपहर बाद हुई तेज बारिश ने शहर को पूरी तरह भिगो दिया। इससे सड़कों और चौराहों पर पानी भर गया। हनुमान चौक पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है, जिससे यहां जाम जैसी स्थिति बन गई है। सड़क के एक ओर निर्माण कार्य बंद होने से भी यातायात प्रभावित हुआ है।

मौसम विभाग ने आगामी 7 जुलाई तक जिले में भारी बारिश, बिजली गिरने, तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान की आशंका जताई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र अगासे ने किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

डॉ. अगासे ने किसानों से कहा है कि वे खेतों में कृषि कार्य सावधानीपूर्वक करें। तेज बारिश और बिजली गिरने की संभावना के दौरान खुले खेतों में काम करने से बचें। साथ ही, कृषि यंत्रों और बीज-उर्वरकों को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की गई है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। तेज बारिश, आंधी-तूफान और बिजली गिरने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहें। नदी-नालों, जलमग्न पुल-पुलियों और खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। बाढ़ या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय के कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07632-240102 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिले में 4 जुलाई तक कुल 223 मिलीमीटर (लगभग 9 इंच) बारिश दर्ज की जा चुकी है। इसमें वारासिवनी तहसील में सर्वाधिक 363 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 79 मिलीमीटर वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटों में जिले में 40 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है।

# खतरे में 63 बच्चों का भविष्य : धोबीटोला माल के स्कूलों की छतों से टपक रहा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



तहसील मुख्यालय कटंगी के अंतिम गांव लिंगापौनार से लगे विकासखंड कुरई के ग्राम धोबीटोला माल में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला की जर्जर इमारतें बारिश में बच्चों के लिए खतरा बन गई हैं। एक दशक पहले बनी इन स्कूलों की छतों से बारिश का पानी रिस रहा है और प्लास्टर गिर रहा है, जिससे अध्ययन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इन दोनों स्कूलों में कुल 63 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि जैसे ही बारिश शुरू होती है, कक्षाओं की छतों से पानी टपकने लगता है। नमी और रिसाव के कारण छत का प्लास्टर भी गिर रहा है। बच्चों ने बताया कि क्लास के दौरान अचानक प्लास्टर गिरने से उन्हें डर लगा रहता है। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल भवन करीब 10 साल पहले बनाया गया था, लेकिन निर्माण गुणवत्ता अच्छी नहीं थी। अब हर बरसात में यही स्थिति रहती है। हम अपने बच्चों को पढ़ने भेजते हैं तो डर लगा रहता है कि कहीं छत का हिस्सा गिर न जाए। अधिकारी कई बार शिकायत के बाद भी अब तक कोई मरम्मत नहीं कराई गई। विद्यार्थियों के साथ यहा शिक्षकों के सिर भी खतरा मंडरा रहा है।

शिक्षकों के अनुसार बारिश के दिनों में कई बार क्लास को बीच में रोकना पड़ता है। जहां से पानी टपकता है वहां से हटाकर बच्चों को बैठाना पड़ता है। कई बार पूरी क्लास को दूसरे कमरे में शिफ्ट करना पड़ता है। लगातार नमी के कारण किताबें, कॉपियां और जरूरी दस्तावेज भी खराब हो रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धोबीटोला माल कुरई विकासखंड का अंतिम गांव है, इसलिए यहां मूलभूत सुविधाओं की हमेशा अनदेखी होती है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले स्कूल भवनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। यदि मरम्मत संभव नहीं है तो बच्चों की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक भवन की व्यवस्था की जाए।

# मॉयल मजदूर का बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर एमपीएससी में चौथी रैंक लाकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज उकवा।

जिले की पहाड़ियों में बसी मैंगनीज नगरी उकवा से एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है। गांव के निवासी नरेंद्र पिता सरवन बघेल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल परीक्षा-2024 में प्रदेश में चौथी रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

नरेंद्र के पिता मैंगनीज माइंस में मजदूर हैं। शिक्षा से वंचित रहने के बावजूद उन्होंने हमेशा बेटे को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। नरेंद्र बताते हैं, ₹पिताजी कहते थे - तुम पढ़ाई करना और जीवन में कुछ अच्छा बनना। मेरा परिश्रम, संघर्ष और धैर्य मैंने माता-पिता से ही सीखा।

प्राथमिक शिक्षा उकवा के रविन्द्र नाथ टैगोर से हुईं,उसके बाद उकवा के सरकारी स्कूल से साइंस विषय में



12वीं उत्तीर्ण के बाद पीजी कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। पैसे की कमी के चलते नैनपुर कॉलेज से प्राइवेट MA भूगोल किया। एमए फर्स्ट ईयर में ही पहली बार में UGC NET भूगोल क्वालिफाई कर लिया। बाद में भूगोल और इतिहास दोनों विषयों से UGC NET JRF भी क्वालिफाई किया।

2022 में पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा दी। यह दौर बेहद कठिन था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण तीन बार टीबी डिपार्टमेंट जाना पड़ा, खांसते समय खून भी आता था। फिर भी परीक्षा दी, लेकिन मात्र दो प्रश्नों से चयन से चूक गए।

नरेंद्र निराश नहीं हुए। 2024 की परीक्षा का नोटिफिकेशन उनके लिए ₹एक चमक की तरह₹ आया। जी-जान लगाकर तैयारी की और अंततः चौथी रैंक के साथ सफलता हासिल की।

नरेंद्र की इस उपलब्धि पर उकवा सहित पूरे बालाघाट जिले में हर्ष है। ग्रामीणों का कहना है कि नरेंद्र ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। शिक्षक जेम्स बारीक ,खान प्रबंधक निषाद निकोसे,ग्राम सरपंच पंच गुरुजनों परिजनों, मित्रों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने नरेंद्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खेत में काम कर रहे किसान पर जंगली सूअर का हमला, लहू- लुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

खेत में काम कर रहे किसान पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। इससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे। घायल हालात में जिला हॉस्पिटल लेकर आए। वहां पर इलाज चल रहा है।

घटना किरनापुर रेंज के ग्राम रट्टापायली गांव की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में सुअरों के आतंक से किसान परेशान है। आए दिन जंगली सुअर खेत में काम कर रहे किसानों पर हमला कर रहे है।

सहसराम लिल्हारे स्थानीय सचिव व सरपंच प्रतिनिधि ने बताया-4 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था। बाजरे की फसलों में से अचानक जंगली सुअर निकला। उस पर हमला कर दिया। सुअर से सामना किया, फिर चिल्लाया और 5-7 लोग आए और सुअर से उसको छुड़वाया। लोगों ने घायल हालात में इसे जिला हॉस्पिटल लेकर आए। वहां पर डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर दिया। इलाज चल रहा है।बड़ी संख्या में है जंगली सुअर।

ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी संख्या में जंगली सुअर है। आए दिन किसान उनके हमले से घायल हो रहे है। साथ किसानों की फसलों को भी चौपट कर रहे है। इसको लेकर स्थानीय प्रतिनिधि और प्रशासन को बताया लेकिन इसका कोई समाधान नहीं हुआ है।

# खबर का असर: हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आया विभाग, कारंजा पुलिया की सड़क की गई दुरुस्त


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
04072026 Jabalpur Satpura Bhoomi - 04 Jul 2026 - Page 2
पहली बारिश में बह गया विकास का दावा! कारंजा पुलिया पर धंसी सड़क, मौत को खुला न्योता
घटिया निर्माण या विभागीय लापरवाही? पहली ही बरसात में उजागर हुई सच्चाई, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

## सड़क धंसने और गहरे गड्ढों की खबर के बाद प्रशासन ने लिया तत्काल संज्ञान

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**हरिभूमि समाचार पत्र में कारंजा पुलिया के समीप धंसी सड़क और पुलिया के दोनों ओर बने जानलेवा गड्ढों की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग हरकत में आ गया। समाचार के प्रकाशन के बाद विभागीय अधिकारियों ने तत्काल मौके का निरीक्षण कराया और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य शुरू कर गड्ढा को बंद कर दिया गया।**

गौरतलब है कि लांजी-आमगांव मुख्य मार्ग पर बाघ नदी स्थित कारंजा पुलिया के समीप पहली ही बारिश में सड़क धंस गई थी। पुलिया के दोनों ओर गहरे गड्ढे बन जाने से राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था। इस समस्या को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और विभागीय लापरवाही पर सवाल खड़े किए थे। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया और मरम्मत कार्य कराकर सड़क को फिलहाल सुरक्षित बना दिया है। पुलिया के आसपास धंसे हिस्से को भरकर समतल किया गया, जिससे आवागमन अब पहले की तुलना में सुगम हो गया है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि फिलहाल मरम्मत से राहत जरूर मिली है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता अभी भी बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिया और सड़क की मजबूती को लेकर ठोस एवं दीर्घकालिक कार्य किया जाए।

